सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 09 | इंदौर, सोमवार 21 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

### सीएम के लौटते ही मप्र में प्रशासनिक फेरबदल की अटकलें तेज

## नॉन परफार्मर आईएएस-आईपीएस हटेंगे



**भोपाल, एजेंसी।** स्पेन-दुबई की यात्रा से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को लौट आए। अब उनके विदेश के दौरे से लौटते ही प्रदेश में बड़े प्रशासनिक फेरबदल की अटकलें तेज हो गई हैं। मंत्रालय से लेकर फील्ड तक नॉन परफार्मर आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की धड़कनें तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री द्वारा मंत्रालय से लेकर जिलों तक प्रशासनिक सर्जरी की जाना है। इसमें कलेक्टर, एसपी, संभागायुक्त से लेकर मंत्रालय में सचिव और प्रमुख सचिव के नाम शामिल हो सकते हैं। मंत्रालय में कई अधिकारियों की जिम्मेदारी बदल जा सकती है। कुछ अधिकारियों के पास एक से अधिक विभागों के काम की जिम्मेदारी है। इसको कम किया जा सकता है।

### कई जिलों के कलेक्टर बदले जाएंगे

प्रदेश के एक दर्जन जिलों के कलेक्टर बदले जा सकते हैं। इसमें अलीराजपुर, भिंड, धार, रतलाम, शिवपुरी, गुना, रीवा, जबलपुर के कलेक्टर को बदला जा सकता है। जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना को राज्य स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। इसी प्रकार कुछ जिलों के कलेक्टर को भी बदला जा सकता है। वहीं लगभग 100 डिप्टी कलेक्टरों, जॉइंट कलेक्टरों और एडिशनल कलेक्टरों को भी नई पोस्टिंग मिल सकती है।

### प्रत्येक जिले को मिलेंगे एडीएम और जॉइंट कलेक्टर

राज्य प्रशासनिक सेवा के डिप्टी कलेक्टरों में से 30 से ज्यादा को जॉइंट या एडिशनल कलेक्टर पद पर प्रमोट किया जा चुका है। इन अधिकारियों को अब उन जिलों में पदस्थ किया जाएगा, जहां अपर कलेक्टर नहीं हैं। ऐसे करीब 8-9 जिले चिन्हित किए गए हैं। जॉइंट कलेक्टरों की खाली जगहों को भी भरा जाएगा। प्रशासन ने इस बार यह भी ध्यान में रखा है कि पति-पत्नी दोनों यदि अधिकारी हैं तो उन्हें एक ही जिले में पोस्टिंग न दी जाए।

# दुबई से स्पेन की सात दिवसीय यात्रा में 11,119 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

## सीएम बोले-ऐतिहासिक रही यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपनी सात दिवसीय दुबई और स्पेन यात्रा के बाद रविवार को भोपाल लौटे। एयरपोर्ट पर विधायकों और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने यात्रा को ऐतिहासिक और अत्यंत सफल बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरे से मध्य प्रदेश के लिए निवेश, पर्यटन, फिल्म निर्माण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे कई क्षेत्रों में नए अवसर प्राप्त हुए हैं। दोनों देशों की यात्रा में प्रदेश को 11 हजार 119 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले है। इससे 14 हजार 208 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुझे इस बात का आनंद है कि दुबई-स्पेन यात्रा का समापन भोपाली अंदाज में हुआ है। कल हम जब भोजन करने के लिए गए तो कालरा बंधुओं ने वहां अलग-अलग रेस्टोरेंट खोला है। एक ने अपने रेस्टोरेंट का नाम खाना-खजाना रखा है। वहां खाना खाते वक्त भोपाल की याद आई। उस दौरान एक और जानकारी गौरवांवित करने वाली है। उन्होंने बताया कि उनके 90 फीसदी ग्राहक गैर-भारतीय हैं जो भारतीय भोजन कर रहे हैं। हमने दुबई में एक अलग ही माहौल देखा। प्रदेश सरकार कपास उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए उन्हें अत्यधिक कंपनियों में प्रशिक्षण प्रदान करेगी। बर्सिलोना में सबमर कंपनी के साथ डाटा सेंटर स्थापित करने के लिए एमओयू साइन किया है। यह करीब 3800 करोड़ का है।




हमारी सरकार ने 22 अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ रणनीतिक साझेदारी के लिए एमओयू साइन किए। दुबई-स्पेन की यात्रा में कुल 11000 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुबई एक छोटी दुनिया है। वहां सभी देशों के नागरिक भी रहे हैं, व्यापारी भी रह रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री भी व्यापार व्यवसाय की वृद्धि के लिए 7 बार दुबई की यात्रा कर चुके हैं। हमारी दुबई यात्रा की शुरुआत अनंतारा होटल से हुई। यहां अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अल यामाही से मुलाकात हुई। हमने उनके साथ शिक्षा,युवा सहभागिता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। यामाही ने इन बातों पर उत्सुकता भी दिखाई। हमने जब बीएपीएस के महाराज से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि यहां सभी धर्मों के लोग आते हैं। दुबई के इस मंदिर का मॉडल बाकी दुनिया भी अपना रही है। सर्वे भवन्तु सखिनः की भावना सबके दिलों दिखाई दे रही है।

### भारत से मिलत-जुलता है स्पेन

सीएम ने कहा कि हमने जब फ्रेंड्स ऑफ एमपी के भरतवंशियों के सम्मेलन में भाग लिया तो उनका उत्साह देखते ही बनता था। हमे 24 घंटे के अंदर रजिस्ट्रेशन रोकने पड़े। पता चला कि 42 लाख से ज्यादा भारतीय वहां हैं। वे सब अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं। वहां इंदौरी लोगों का अलग संगठन इंदौर इंटरनेशनल बिजनेस है। उन्होंने वहां अपनी अलग साख बना रखी है। 14 जुलाई को इंवेस्ट इन मध्यप्रदेश के माध्यम से बिजनेस फोरम का आयोजन हुआ। 30 से ज्यादा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग की। प्रमुख निवेश की बात करें तो दुबई यात्रा के दौरान हमको 5701 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें बीएमडब्ल्यू डेवेलपर्स के 2750 करोड़, कोनारेस मेटल के 640 करोड़, स्पेन कम्युनिकेशन और अल्फा मिया के 500 करोड़, सराफ ग्रुप और रिलायंस डिफेंस के 250-250 करोड़ शामिल हैं।

### मुंबई ट्रेन ब्लास्ट केस में बॉम्बे हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# सभी 12 दोषियों को किया बरी

**मुंबई, (एजेंसी) बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को 2006 के ट्रेन धमाकों के केस पर बड़ा फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ये लोग निर्दोष हैं। जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की स्पेशल बेंच ने निचली अदालत के फैसले को पलट दिया। बेंच ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह से नाकाम रहा। हाई कोर्ट ने पांच महीने पहले इस मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।**



हाई कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह से विफल रहा है। यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया। इसलिए उनकी सजा रद्द की जाती है।

बेंच ने कहा कि वह पांच दोषियों को दी गई मौत की सजा और बाकी सात को दी गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार नहीं रखेगी। कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अगर आरोपियों को किसी और मामले में नहीं चाहिए तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा कर दिया जाए।

11 जुलाई 2006 को ये बम धमाके हुए थे। उस दिन, एक ट्रेन के सात डिब्बों में सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। इन धमाकों में 189 यात्री मारे गए थे और 824 घायल हो गए थे। ट्रायल कोर्ट ने 2015 में पांच लोगों को मौत की सजा और सात को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

बिहार के कमल अंसारी, मुंबई के मोहम्मद फैसल अताउर रहमान शेख, ठाणे के एहतशाम कुतुबुद्दीन सिद्दीकी, सिकंदराबाद के नवीद हुसैन खान और महाराष्ट्र के जलगांव के आसिफ खान को बम लगाने का दोषी पाया गया था। ट्रायल कोर्ट ने उन्हें मौत की सजा सुनाई थी। लेकिन, अब हाई कोर्ट ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया है।

# एक मंदिर ऐसा भी है... जहां हजारों तोते आते हैं हनुमानजी की प्रसाद खाने के लिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर के पश्चिमी क्षेत्र में करीब 200 वर्ष पुराना पंचकुइयां श्री राम मंदिर का नजारा हर सुबह हैरान करने वाला होता है। मंदिर परिसर में हरे रंग की चादर सी नजर आती है। परिसर के खेड़ापति बालाजी मंदिर को नवैद्य दिखाकर तोतों के लिए ज्वार डाली जाती है। चाहे कैसा भी मौसम हो, हजारों की संख्या तोते नियमित रूप से यहां आते हैं। तोतों को ज्वार डालने का कार्य रमेश अग्रवाल सहित अन्य सेवाद्वारों द्वारा किया जाता है। सुबह साढ़े पांच बजे ज्वार डालने का काम शुरू होता है। इसके बाद तोतों के आने का



सिलसिला शुरू हो जात है। उनके मीठे कलरव से परिसर गुजांयमान हो जात है। श्रावण मास के समय तोतों की संख्या बढ़ जाती है। आधे पौन घंटे में बाजारा साफ हो जाता है और तोते अपनी-अपनी मंजिल की और उड़ जाते है। कुछ तोते मंदिर के गुंबद पर लगे ध्वज पर भी बैठते है। इसके बाद उनके भंडारे का सिलसिला शुरू हो जाता है। मंदिर की छत पर ज्वार बिछते ही धीरे-धीरे तोतों का जमघट लगने लगता है, फिर उड़ कर पेड़ पर बैठ जाते हैं। महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज बताते है कि पंचकुइयां क्षेत्र में संतों ने बहुत तपस्या की है। यह एक तपोभूमि है। यहां संतों ने पांच कुएं बनाए थे। तब होलकर राजा ने इस क्षेत्र का नाम पंचकुईयां नाम दिया। परिसर में काफी हरियाली भी है। सैकड़ों प्रजाति के पक्षी यहां रहते है। सबसे ज्यादा तोते नजर आते है। शहरभर से तोते रोज सुबह ज्वार ग्रहण करने आते हैं, उन्हे भी भक्त संत रूपी मानते है। सेवादार तोतों को दी जाने वाली ज्वार की गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखते है, ताकि तोते बीमार न पड़ जाए। सुबह होने वाले तोतों के भंडारे को देखने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में जुटते है।

## यूपी के अर्बन सेक्रेटरी ने देखा इंदौर का स्वच्छता मॉडल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रविवार को यूपी के अर्बन सेक्रेटरी अनुज कुमार झा इंदौर आए। यहां उन्होंने इंदौर के स्वच्छता मॉडल को देखा। अलग-अलग जगह का दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं काो समझा। साथ ही कॉलोनी के रहवासियों से बातचीत भी की।**

निगमायुक्त शिवम वर्मा ने अर्बन सेक्रेटरी झा को सबसे पहले वार्ड क्रमांक 48 में मिश्र नगर डोर टू डोर कचरा संग्रहण काम का अवलोकन कराया। यहां उन्होंने जाना कि किस प्रकार निगम के डोर टू डोर वाहन जब कॉलोनी में आते हैं तो कॉलोनी के रहवासी अपने घरों से निकले कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में सेग्रीगेट रखे हुए कचरे को कचरा संग्रहण वाहन के अलग-अलग भाग में डालते हैं। इस दौरान झा ने रहवासियों से इंदौर के स्वच्छता मॉडल के संबंध में और कचरा सेग्रीगेशन के विषय में बात भी की। इसके बाद वे राजशाही के पास स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशन पहुंचे। यहां भी उन्होंने स्टेशन का अवलोकन किया। अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने उन्हें बताया कि इंदौर में इस प्रकार से अलग-अलग क्षेत्र में जीटीएस बनाया गया है और राजशाही जीटीएस इंदौर के मध्यक्षेत्र में और कॉलोनी के पास स्थित है। बावजूद इसके यहां किसी भी प्रकार की रहवासियों को समस्या नहीं है। यहां पर कचरा संग्रहण गाड़ियों के माध्यम से जमा किए गए कचरे को लाया जाता है और यहां से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित प्लांट पर प्रोसेसिंग के लिए भेजा जाता है। झा ने इंदौर के स्वच्छता मॉडल और कचरा प्रोसेसिंग काम के संबंध में जीटीएस प्रभारी से भी बात की।

# बारिश के लिए पंचकुइया मंदिर में महादेव का जलमग्न अभिषेक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में इस बार जुलाई माह पूरी तरह सूखा गुजरता दिख रहा है। तीन हफ्ते बीतने के बावजूद न तेज बारिश हुई और न ही रिमझिम फुहारें पड़ीं। पूरे महीने में अब तक सिर्फ 1 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है, जबकि पिछले वर्ष जुलाई में करीब 10 इंच वर्षा हुई थी। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में भी भारी बारिश की संभावना नहीं है, जिससे शहरवासियों के साथ कृषि और जल संकट की चिंता भी बढ़ गई है।**



बारिश न होने से सिर्फ आमजन ही नहीं, बल्कि साधु-संत और ब्राह्मण विद्वान भी चिंतित हैं। इसी को देखते हुए श्रीराम मंदिर पंचकुइया में महादेव को जलमग्न कर वर्षा की कामना की गई। पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज के सान्निध्य में 108 विद्वानों ने वेद मंत्रों के साथ विश्वेश्वर महादेव द्वादश ज्योतिर्लिंग का विशेष अभिषेक कर वर्षा की प्रार्थना की। पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी शामिल हुए और सभी ने मिलकर इंदौर व आसपास के क्षेत्रों में अच्छी बारिश के लिए प्रार्थना की। धार्मिक आस्थाओं के साथ-साथ यह प्रयास एक सामाजिक चिंता को भी उजागर करता है कि यदि आने वाले दिनों में वर्षा नहीं हुई, तो जल संकट और बढ़ सकता है।

## आश्रम छात्रावासों और आवासीय परिसरों की जांच के लिए संयुक्त दल गठित

**इंदौर**। संभागायुक्त दीपक सिंह ने संभाग के सभी अनुसूचित जाति जनजातीय और पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिये संचालित आश्रमों, छात्रावास और आवासीय परिसरों की निगरानी के लिये संयुक्त दल गठित किये है। संभागायुक्त दीपक सिंह ने विद्यार्थियों के लिये व्यवस्थाओं और सुविधाए सुश्चित कराने के लिये। संभाग स्तरीय अधिकारियों को भी जिम्मा सौपा है। इसके अलावा उन्होंने जिलों में स्थित सीईओ जिला पंचायत, महिला अधिकारी, एडीएम, डॉक्टर और एसडीएम, जनपद सीईओ और तहसीलदारों को आवश्यक रूप से इन संस्थाओं का समय-समय पर निरीक्षण करने के आदेश जारी किये है। यह सभी अधिकारी जिला मुख्यालय के एकलव्य आवासीय कन्या शिक्षा परिसर एवं जिला स्तरीय उत्कृष्ठ छात्रावास व अन्य छात्रावासों का 21 जुलाई से 26 जुलाई के बीच गहन निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

## सउदी से पत्नी की बनाई फर्जी प्रोफाइल, सोशल मीडिया पर बदनाम किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एक मुस्लिम महिला ने अपने पति के खिलाफ आईटी एक्ट सहित धमकाने की धाराओं में केस दर्ज कराया है। आरोपी ने फर्जी आईडी से अश्लील प्रोफाइल बनाकर पत्नी को बदनाम किया। पुलिस अब मामले में जांच कर रही है। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक 25 साल की महिला की शिकायत पर उसके पति मोहम्मद आकिब अहमद निवासी इलाहबाद के खिलाफ आईटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। महिला ने बताया कि अगस्त 2024 में उसकी शादी हुई थी। वह पति के साथ इलाहबाद में थी। अक्टूबर 2024 में झगड़ा करने के बाद पति सउदी रियात में काम करने चले गए। वर्तमान में वह यहीं रहते है। उन्हें कॉल किया तो कई बार अपशब्द कहे। कई दिन विवाद होने पर तलाक देने की बात कही। तलाक से इनकार करने पर पति ने धमकी दी कि जब भी भारत वापस आएगें तो जान से खत्म कर देगे। वह शंका करने के आदि हो गए। उन्होंने कुछ फोटो जो ठीक नही थे। उन्हें सोशल मीडिया में वायरल किए। इस बारे में बात की तो धमकाया। वह आईडी ब्लॉक कराई तो दूसरी बना ली। पति ने मानसिक रूप से काफी परेशान कर दिया। इससे परेशान होकर पति के खिलाफ शिकायत की है।

## आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

जिले में मदिरा तथा अन्य मादक पदार्थों के अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग के अमले द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि गत दिवस कंट्रोल रूम प्रभारी देवेश चतुर्वेदी और डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती जया मुजाल्दे वृत्त आंतरिक 2 की टीम के द्वारा सुदामा नगर क्षेत्र में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई । कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन क्रमांक एमपी-09-झेडएस-1429 पर परिवहन कर ले जाई जा रही 2 पेटी देसी मदिरा मसाला कुल 100 पाव बरामद की गई। बरामद की गई मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी अंकित, गुलाब सिंह सोलंकी,प्रवीण राजू निनामा के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 60 हजार 600 रुपए है।

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दी विधानसभा एक को करोड़ों रूपए के विकास कार्यों की सौगात

# विधानसभा 1 के वार्ड 4 में हुआ 6 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। जनता की सेवा ईश्वर की सेवा के समान है और जनता साक्षात ईश्वर का स्वरूप है इसलिए हम सदैव जनसेवा में लगे रहते हैं। इससे ईश्वर की सेवा के फल के समान फल हमें प्राप्त हो जाता है। यह बात नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कही। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय के साथ 20 जुलाई को विधानसभा क्षेत्र 1 के वार्ड 4 में 6 करोड़ से अधिक की लागत के 21 विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। साथ ही विधानसभा 1 के बगीचों में लगाने के लिए ढाई करोड़ से अधिक की लागत के ओपन जिम सेट और झूले-चकरी दिए गए।






### स्वच्छता के विजेता सफाई मित्रों का हुआ सम्मान, स्व. गोपाल मालू उद्यान का लोकार्पण कर किया पौधारोपण

कार्यक्रम का आयोजन शिक्षक नगर के स्वर्गीय गोपाल मालू उद्यान में किया गया था। इस अवसर पर इंदौर को आठवी बार स्वच्छता का सिरमौर बनाने पर वार्ड 4 के समस्त महिला सफाई मित्रों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया और उपहार स्वरूप उनको साड़ी भेंट की गई। अपने परिश्रम का सम्मान मिलने पर सफाई मित्रो ने प्रसन्नता का इजहार किया। इस मौके पर कार्यक्रम में आए रहवासियों मे क्षेत्र के विकास के लिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आभार व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया। एक बगिया माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत गार्डन में पौधारोपण किया गया।

### उद्यानों में लगेंगे ओपन जिम सेट और झूले-चकरी, रख रखाव के लिए बनेगी स्थानीय समिति

कार्यक्रम में विधानसभा 1 के समस्त बगीचों में लगाने के लिए ढाई करोड़ की लागत के ओपन जिम सेट और झूले-चकरी सौंपे गए। ओपन जिम में एक्सरसाइज की सात तरह की मशीने हैं, वहीं बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले-चकरी, सीसा झूला, फिसलपट्टी आदि दिए गए। क्षेत्र के सभी बगीचों के रखरखाव के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति में 10 स्थानीय रहवासी रहेंगे, जो बगीचे के रखरखाव से संबंधित जानकारियों से समय-समय पर अवगत करवाते रहेंगे और अपने सुझाव देंगे।

### स्वच्छता के विजेता सफाई मित्रों का हुआ सम्मान, स्व गोपाल मालू उद्यान का लोकार्पण कर किया पौधारोपण

कार्यक्रम का आयोजन शिक्षक नगर के स्वर्गीय गोपाल मालू उद्यान में किया गया था। इस अवसर पर इंदौर को आठवी बार स्वच्छता का सिरमौर बनाने पर वार्ड 4 के समस्त महिला सफाई मित्रों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया और उपहार स्वरूप उनको साड़ी भेंट की गई। अपने परिश्रम का सम्मान मिलने पर सफाई मित्रो ने प्रसन्नता का इजहार किया। इस मौके पर कार्यक्रम में आए रहवासियों मे क्षेत्र के विकास के लिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आभार व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया। एक बगिया माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत गार्डन में पौधारोपण किया गया।

### आजकल के सीरियल विकृति फैला रहे हैं

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि एक समय 100 में से 5 बच्चों को चश्मा लगता था, लेकिन अब 100 में से 30 बच्चों को चश्मा लगने लगा है। बच्चे मोबाइल की लत के शिकार हो रहे हैं। माताओं से मेरा निवेदन है कि बच्चों को फास्टफूड से दूर रखें। घर का बना हुआ पौष्टिक खाना खिलाए, जिससे बच्चों का बेहतर शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। मैदा के बने फास्टफूड बच्चों की सेहत को बिगाड़ रहे हैं। आपका पेट कोई डस्टबीन नहीं है। मेरी माँ कोयले की सिगड़ी पर पराठे बनाकर खिलाती थी और हम खूब खाते भी थे, क्योंकि दिनभर साइकिल चलाते थे तो एक्सरसाइज हो जाती थी, जिससे अच्छी भूख लगती थी। आजकल बच्चों की जिंदगी से व्यायाम शब्द निकल गया है। उन्होंने बच्चों के संस्कारों के सम्बंध में कहा कि मेरी माँ रामचरित मानस के 10 दोहे सुनाने पर दूध देती थी और 10 दोहे सुनाने पर ही भोजन देती थी। रात में रामचरित मानस का पाठ अर्थ सहित पढ़ना अनिवार्य था, जिससे श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतार सकें। आजकल के सीरियल विकृति फैला रहे हैं। इसलिए बच्चों को बगीचों में भेजे, जिससे वह व्यायाम करने के साथ-साथ उनका सामाजिक दायरा भी बढ़ेगा। अच्छे दोस्त बनेंगे, जो जीवन में हमेशा काम आएंगे और हर सुख-दुख में आपके साथ खड़े रहेंगे। आजकल के बच्चों का दोस्त मोबाइल है। इस दोस्त से दूरी बनाए और सुबह उठकर व्यायाम करें, जिससे दिनभर ऊर्जावान रहेंगे। विकास कार्य के क्रम में 39 लाख 34 हजार की लागत से शिक्षक नगर में स्व. गोपाल मालू उद्यान में आवश्यक विकास कार्य करने का लोकार्पण, 41 लाख 18 हजार की लागत से कृष्णबाग कॉलोनी में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाइन बदलने के कार्य का लोकार्पण, 25 लाख की लागत से वार्ड 4 में योग शेड के निर्माण कार्य का लोकार्पण, 17 लाख की लागत से वेंकटेश्वर नगर के उद्यान में कम्युनिटी हॉल में मकान नंबर 200 के पीछे अविकसित गार्डन सूची नंबर 1 बाउंड्री वॉल पाथवे बनाने एवं आवश्यक कार्य करने के कार्य का भूमि पूजन, 28 लाख 43 हजार की लागत से पटेल नगर के मुख्य उद्यान के सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन, 28 लाख 31 हजार की लागत से पंचवटी नगर में शुभम पथरोड, नरेंद्र सेन एवं महेंद्र गुर्जर के निवास की गलियों में सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन, 28 लाख 34 हजार की लागत से अखंड नगर माताजी मंदिर वाली गली में सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन, 2 लाख 95 हजार की लागत से साहू नगर एवं साहू धर्मशाला के आसपास सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन, 32 लाख 21 हजार की लागत से शिक्षक नगर में भाऊ पट्टी एवं आसपास क्षतिग्रस्त रोड पर सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन, 28 लाख 87 हजार की लागत से पंचवटी नगर लक्ष्मी ग्राफिक्स वाली लाइन में क्षतिग्रस्त सड़क में सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन, 18 लाख 27 हजार की लागत से स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों के लिए हजारी सेंटर का निर्माण एवं आर. आर. आर. सेंटर के निर्माण का भूमिपूजन, 37 लाख 58 हजार की लागत से कान्यकुंज नगर में गिरीश गुप्ता के मकान के पास वाली गली का सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन, 17 लाख 57 हजार की लागत से अखंड नगर की क्रॉस गलियों में सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन, 17 लाख 48 हजार की लागत से कृष्ण बाग में क्रॉस गलियों में सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन, 37 लाख 6 हजार की लागत से कृष्ण बाग कॉलोनी गली नंबर 3 में सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन, 23 लाख 48 हजार की लागत से वेंकटेश नगर में मुख्य मार्ग की गलियों में नवीन ड्रेनेज लाइन डालने के कार्य का भूमिपूजन, 86 लाख 36 हजार की लागत से शर्मा किराना अखंड नगर चौराहे से अमर कुंज माता मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य एवं फुटपाथ निर्माण कार्य का भूमिपूजन, 4 लाख 8 हजार की लागत से कृष्णा नगर कॉलोनी में नवीन ड्रेनेज लाइन डालने के कार्य का भूमिपूजन, 28 लाख 59 हजार की लागत से एरोड्रम थाने के पीछे पुलिस लाइन की समस्त गलियों में सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन, 43 लाख 20 हजार की लागत से विद्याधाम मंदिर के समीप सार्वजनिक शौचालय के निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं 29 लाख 24 हजार की लागत से अंजनी नगर में स्थित मेहंदीपुर बालाजी मंदिर उद्यान में बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य एवं अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से महापौर पुष्यमित्र भार्गव,पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## 21 और 22 जुलाई को मांडव (मांडू) में 'नव संकल्प शिविर'

### उमंग सिंगार ने कहा - जनता की कमाई से हो रही विदेश यात्राएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। रविवार को मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार इंदौर पहुंचे। यहां उन्होंने मीडिया से चर्चा की और बताया कि कांग्रेस विधायक दल की ओर से 21 और 22 जुलाई को मांडव (मांडू) में 'नव संकल्प शिविर' आयोजित किया जा रहा है। इस दो दिवसीय शिविर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, राजनीतिक विशेषज्ञ और प्रेरक वक्ता पार्टी विधायकों के साथ चिंतन करेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। सिंघार ने बताया कि इस शिविर में कुल 12 सत्र होंगे। इनमें कांग्रेस पार्टी के इतिहास, आजादी के आंदोलन में पार्टी के योगदान, संगठन की रणनीति और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। शिविर की जानकारी देने के साथ ही उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार गंभीर घटनाएं हो रही हैं, जिन पर चिंतन जरूरी है। उन्होंने कहा—"प्रदेश में महिलाओं के साथ अत्याचार बढ़ रहे हैं, आदिवासियों को उनकी जमीनों से हटाया जा रहा है, दलितों पर अत्याचार हो रहा है, पिछड़ों को आरक्षण नहीं मिल रहा और युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही हैं। उद्योगपति और छोटे व्यवसायी परेशान हैं। लेकिन सरकार सिर्फ प्रचार और ब्रांडिंग में लगी है।" उन्होंने सवाल किया कि भाजपा सरकार विदेशी निवेश के नाम पर विदेश जाती है, लेकिन खर्च किसका होता है? जनता का पैसा किसलिए और कैसे खर्च हो रहा है, यह बताने को कोई तैयार नहीं। सिंघार ने भाजपा के पचमढ़ी शिविर पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस का यह शिविर प्रशिक्षण शिविर नहीं है, बल्कि प्रदेश की समस्याओं पर चिंतन और समाधान खोजने का मंच है। उन्होंने कहा कि "जो विधायक होता है, वह अपनी विधानसभा का नेता होता है। उसे जनता की समस्याओं को पहचानना और उनका हल निकालना आता है। उसके लिए किसी प्रशिक्षण की जरूरत नहीं होती।" उन्होंने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर यह शिविर रखा गया है, ताकि प्रदेश की जनता की आवाज और असल मुद्दों पर गंभीर चर्चा की जा सके।

## नाबालिग ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। द्वारकापुरी में रहने वाली एक 13 साल की नाबालिग लड़की ने सुसाइड कर लिया। जब मां घर आई तो घटना की जानकारी लगी। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।



टीआई सुशील पटेल के मुताबिक अंजलि(13) पुत्री माखनलाल मीणा निवासी द्वारकापुरी ने अपने घर में फांसी लगा ली। परिवार में मां रंजना ने पुलिस को जानकारी दी थी। मां घर से कुछ ही दूरी पर सिलाई की दुकान चलाती है। अंजलि स्कूल से छूटने के बाद मां से मिलने दुकान जाती थी। शनिवार को वह दुकान पर नहीं आई। इसलिए मां शाम में उसे देखने पहुंची थी। जब दरवाजा नहीं खुला तो अंदर झांकर देखा तो बेटी फंदे पर लटकी थी। अंजलि नौवीं कक्षा की पढ़ाई करती है। उसका एक छोटा भाई है। अंजलि के पिता निजी कंपनी में काम करते है। शनिवार को काम के सिलसिले में धामनोद गए थे। उन्हें भी पत्नी रंजना ने जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक कमरे से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। अंजलि की स्कूल के दोस्तों से पुलिस पूछताछ कर रही है। पोस्टमॉर्टम कर शव को परिजनों को सौंपा गया है।

# सीहोर में मूंग घोटाला! 1800 बोरी अमानक उपज पकड़ी गई, समर्थन मूल्य खरीदी पर उठे सवाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी। समर्थन मूल्य पर की जा रही मूंग खरीदी में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। किसान की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने वासुदेव स्थित रामानंद वेयरहाउस से 1800 बोरी अमानक मूंग जब्त की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने वेयरहाउस संचालक, समिति प्रबंधक और सर्वेयर दीपेंद्र पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।**

यह मामला उस समय उजागर हुआ जब चांदाग्रहण के किसान शमीम खान ने एसडीएम से शिकायत की कि उनकी मूंग की ट्रॉली को बिना ग्रेडिंग रिजेक्ट कर दिया गया, जबकि अन्य किसानों से पैसे लेकर अमानक मूंग खरीदी जा रही थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम रघुवंशी ने तत्काल जांच दल का गठन किया, जिसने रामानंद वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस के स्टॉक क्रमांक 04 और 38 में कुल 1800 बोरियों में अमानक मूंग पाई गई। साथ ही वेयरहाउस के भौतिक स्टॉक और ऑनलाइन बिलिंग में भारी अंतर भी सामने आया। इसके अलावा, सर्वेयर दीपेंद्र पटेल द्वारा की गई मूंग खरीदी से संबंधित जानकारी भी गोदाम द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई, जो स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है। जांच दल ने पंचनामा तैयार कर रिपोर्ट एसडीएम को सौंप दी है।

एसडीएम रघुवंशी ने संबंधित अधिकारियों को तीन दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है, अन्यथा उनके खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने उप संचालक, कृषि विभाग, जिला विपणन अधिकारी (मार्कफेड), और एमपी वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक को भी पत्र लिखकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

घटना के बाद एसडीएम ने रविवार को नगर के मंडी व्यापारियों के गोदामों का औचक निरीक्षण भी किया। हालांकि इस दौरान किसी भी गोदाम में अनियमितता नहीं पाई गई। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर की जांच की और भौतिक स्टॉक का मिलान भी कराया। एसडीएम ने मंडी सचिव विलियम जॉर्ज और व्यापारियों को सख्त निर्देश दिए कि समर्थन मूल्य पर बिकने वाली उपज को लेकर कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी गोदामों में मौजूद स्टॉक रिकॉर्ड के अनुसार होना चाहिए और किसी भी तरह की हेराफेरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही निर्देश दिया कि मंडी सचिव समय-समय पर व्यापारिक गोदामों का निरीक्षण करें और जानकारी प्रस्तुत करें। बिना मंडी अनुमति के व्यापारिक मूंग शहर से बाहर न जाए। यह कार्रवाई किसानों के हितों की रक्षा के लिए एक सख्त संदेश मानी जा रही है। मामले की जांच अभी जारी है और आगे की कार्रवाई के संकेत मिल रहे हैं।

### जांच करने पहुंचे कलेक्टर तो सामने आए कई अधिकारियों का नाम

# आदिवासी जमीन पर बन गया सोलर प्लांट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी। जिले में एक प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई की है। जिला प्रशासन ने 300 वाट के मसाया सोलर प्लांट को सील कर दिया है। जांच में पता चला कि यह प्लांट आदिवासी जमीन पर बिना अनुमति के बनाया गया था। इसमें कई पूर्व अधिकारियों की मिलीभगत भी सामने आई है।**

दरअसल, इंदौर के संभागीय आयुक्त को एक शिकायत मिली थी। इसके बाद कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने एक विशेष जांच टीम बनाई और जांच शुरू की गई। जांच में पता चला कि प्लांट धरमपुरी, कानवानी, भवसिंगपुरा, बड़गांव माली और सिवना गांवों में आदिवासी किसानों की जमीन पर बना है। इसके लिए कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि कंपनी ने आदिवासी किसानों की जमीन पर बिना कानूनी अनुमति के प्लांट लगाकर उत्पादन शुरू कर दिया। यह पूरी तरह से गलत और गैरकानूनी है। जांच में यह भी पता चला कि कुछ मामलों में अनुसूचित जाति के लोगों से जबरदस्ती जमीन ली गई। कई अनुसूचित जनजाति के किसानों को जमीन का सही मुआवजा नहीं दिया गया। आरोप है कि किसानों की अशिक्षा का फायदा उठाया गया और उनके बैंक खातों से पैसे निकाल लिए गए। कलेक्टर के अनुसार, कंपनी ने जमीन को औद्योगिक उपयोग के लिए बदल दिया। यह काम सिर्फ कब्जे के आधार पर किया गया, जबकि जमीन के रिकॉर्ड (खसरा) में बदलाव नहीं हुआ था। यह मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता का सीधा उल्लंघन है। मसाया सोलर एनर्जी कंपनी ने लगभग 27.64 हेक्टेयर (लगभग 60 एकड़) जमीन पर अवैध कब्जा किया। इसमें चराई भूमि, नाला, सड़कें और छोटे वन क्षेत्र शामिल हैं। यह जमीन बिना किसी पट्टे या अधिग्रहण के ले ली गई। कलेक्टर गुप्ता ने आदेश दिया है कि प्लांट का काम तब तक बंद रहेगा, जब तक पट्टे या आवंटन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती। प्लांट में मौजूद मशीनरी को सील कर दिया गया है। जांच में यह भी पता चला कि कुछ पूर्व और प्रशासनिक अधिकारियों ने इन अवैध गतिविधियों में मदद की। इन अधिकारियों पर लाखों रुपये की रिश्वत लेने के आरोप हैं। कलेक्टर ने कहा कि उन अधिकारियों के खिलाफ भी उच्च स्तरीय जांच की जाएगी, जिनकी देखरेख में ये अवैध अतिक्रमण हुए। उनकी संपत्ति की भी जांच की जाएगी। प्लांट का निर्माण 2020 में शुरू हुआ था। 2022 में बिना एनओसी के बिजली का उत्पादन शुरू हो गया। कंपनी ने क्षेत्र के पांच गांवों के लगभग 35 आदिवासी किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया। इन किसानों के मामले राजस्व विभाग तक पहुंचे। खास बात यह है कि अब तक इन अधिग्रहणों के खिलाफ कोई विरोध नहीं हुआ था। सीधी भाषा में कहें तो, खंडवा जिले में मसाया सोलर प्लांट में गड़बड़ी पाई गई। यह प्लांट आदिवासियों की जमीन पर बिना इजाजत बना था। इसलिए इसे सील कर दिया गया है। जांच में पता चला कि किसानों को ठीक से मुआवजा नहीं दिया गया और कुछ अधिकारियों ने रिश्वत भी ली। अब इन सभी मामलों की जांच होगी। प्लांट का काम तब तक बंद रहेगा, जब तक सब कुछ ठीक नहीं हो जाता।



## सेल्फी के जुनून ने ले ली जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उमरिया।** जिले के बड़ी तुम्मी की पहाड़ी से एक युवक के गिरने से मौत हो गई है। यह घटना रविवार की शाम को हुई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और काफी प्रयास के बाद युवक की लाश को तलाश लिया। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मृतक युवक का नाम लखन सिंह पिता रावेंद्र सिंह उम्र 18 वर्ष है। यह युवक शहडोल जिले के गोहपारू थाना अंतर्गत ग्राम मोहतरा का रहने वाला था। यहां युवक अलग-अलग स्थान पर वीडियो कैमरे से फोटो खींच रहे थे और वीडियो बना रहे थे। इसी बीच दुर्घटना का शिकार होने वाला युवक काफी ऊंचाई पर स्थित पहाड़ के किनारे पर पहुंच गया और वहां सेल्फी लेने लगा।

## भाजपा विधायक के साले पर रेप की एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** भिंड के लहार से भाजपा विधायक अमरीश शर्मा के साले सुधांशु मोहन द्विवेदी उर्फ भैया जी पर ग्वालियर की महिला ने रेप का केस दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि उसे नौकरी लगवाने के बहाने बुलाया गया। फिर कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद गलत काम किया। महिला का आरोप है कि उसने विरोध किया तो बच्चों को जान से मारने की धमकी दी गई। ये घटना 23 मार्च की है। धमकी से घबराई महिला पहले तो चुप रही। 15 दिन पहले उसे पता चला कि आरोपी शेयर ट्रेडिंग से जुड़े धोखाधड़ी के एक मामले में महाराष्ट्र की जेल में बंद है। पीड़िता ने हिम्मत कर अपनी मां को सारी बात बताई। फिर 14 जुलाई को लहार थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

## चलती ट्रेन में चढ़ते समय गिरी छात्रा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल, एजे।** प्रदेश के बैतूल में चलती ट्रेन में चढ़ते समय एक छात्रा की नीचे गिरकर मौत हो गई। उसे बचा रहा एक यात्री भी घायल हो गया। हादसा रविवार दोपहर को हुआ। मैसूर से जयपुर जा रही जयपुर एक्सप्रेस (12975) प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर खड़ी थी। छात्रा पानी की बोतल लेने के लिए ट्रेन से नीचे उतरी थी। इसी दौरान ट्रेन अचानक चल पड़ी। उसने ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की, लेकिन उसका हाथ छूट गया। छात्रा ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गई, जिससे उसकी मौत हो गई।

# शिक्षामंत्री के जिले में बिना बच्चों वाले 4 स्कूल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नरसिंहपुर, एजेंसी। 'बाहर दरवाजे पर जड़ा ताला। ऊपर चारों ओर लगे मकड़ी के जाल। खुली खिड़कियों में से अंदर दिख रहा टूटा-फूटा और गंदा फर्श। फैली गंदी किताबें। कमरे के बीचों-बीच कुर्सी पड़ी है। कमरे में चारों ओर धूल जमा है।'**

ये नरसिंहपुर जिले के करेली ब्लॉक का गोंडी धुबघट स्थित प्राइमरी स्कूल है। चर्चा इसलिए क्योंकि गांव वालों की मानें, तो इस स्कूल के रिकॉर्ड में एक भी बच्चा दर्ज नहीं है। यहां दो टीचर भी पदस्थ हैं। वे पिछले आठ साल में सिर्फ दो ही दिन राष्ट्रीय त्योहार पर आते हैं। बाकी दिन स्कूल में ताला पड़ा रहता है। उससे भी बड़ी बात है कि टीचर्स लगातार सरकार से सैलरी लेते रहे हैं। इसका खुलासा तब हुआ, जब हाल में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सलीम खान ने स्कूल और टीचर्स की रिपोर्ट मंगवाई। जिले में ऐसे चार प्राइमरी स्कूल मिले, जहां बच्चों की संख्या शून्य है। हर स्कूल में दो टीचर पदस्थ हैं। सभी आठ टीचर मुफ्त की तनख्वाह भी ले रहे हैं। अब प्रभारी डीईओ ने शिक्षामंत्री उदय प्रताप सिंह और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है।



## थाने में उल्टा लटकाकर पीटा, 3 सस्पेंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर।** चार युवकों ने पुलिस पर थाने में मारपीट करने का आरोप लगाया है। युवकों का कहना है कि उनके कपड़े उतारकर उन्हें चार दिन तक पीटा गया। इतना ही नहीं प्राइवेट पार्ट में मिर्च पावडर डालने का भी आरोप पुलिस पर लगाया गया है। हालांकि नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट आ गई है, उसमें मिर्च पाउडर का जिक्र नहीं है, ना ही कोई फ्रैक्चर हुआ है। सीसीटीवी फुटेज और पीड़ित के बयान दर्ज किए जाएंगे। जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी। मामला बढ़ने के बाद मारपीट करने वाले नौगांव थाने के तीनों पुलिसकर्मियों एएसआई शिवदयाल वाल्मीकि, राम जाट और अरविंद शर्मा को सस्पेंड कर दिया गया है।

# संपादकीय

## महिला यात्रियों को मिलेगी 24 घंटे सुरक्षा

केंद्र सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने के लिए बड़ा कदम उठा रही है। सरकार दिल्ली-मुंबई समेत देशभर के सात रेलवे स्टेशनों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम लगाएगी। रेलवे स्टेशनों के अलावा दिल्ली, लखनऊ, बेंगलुरु समेत कई शहरों में सेफ सिटी प्रोजेक्ट भी चल रहे हैं। इससे महिला यात्रियों को 24 घंटे सुरक्षा मिलेगी। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि नेशनल डेटाबेस ऑन सेक्सुअल ऑफेंडर्स (NDSO) में यौन अपराधियों की संख्या 20 लाख पार कर गई है। अब केंद्र सरकार मुंबई सीएसटी और नई दिल्ली समेत देशभर के सात रेलवे स्टेशनों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम लगाएगी। महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर सुप्रीम कोर्ट वुमन लॉयर्स एसोसिएशन की पीआईएल पर सुनवाई करते हुए गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय ने सर्वोच्च अदालत में बताया कि रेलवे स्टेशनों के अलावा, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, अहमदाबाद, बेंगलुरु, हैदराबाद और लखनऊ में भी सेफ सिटी प्रोजेक्ट चल रहे हैं। इन प्रोजेक्ट में सीसीटीवी कैमरे, फेशियल रिकॉग्निशन और ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन जैसी तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है। साथ ही, हाई-रिस्क एरिया पर ड्रोन से भी निगरानी रखी जा रही है। जस्टिस सूर्यकांत की बेंच इस पीआईएस पर सोमवार को सुनवाई करेगी। मंत्रालय ने कहा कि इंटीग्रेटेड इमरजेंसी रिस्पांस मैनेजमेंट सिस्टम (IERMS) को 983 में से 499 रेलवे स्टेशनों पर शुरू कर दिया गया है। इससे महिला यात्रियों को 24 घंटे सुरक्षा मिलेगी। कोंकण रेलवे नेटवर्क में 67 स्टेशनों पर 740 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। अब एआई आधारित फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम को सात बड़े स्टेशनों पर लगाने की योजना है। गृह मंत्रालय के अनुसार, एनडीएसओ में बलात्कार, गैंगरेप, छेड़छाड़, पीछा करने और बाल शोषण जैसे यौन अपराधों में शामिल लोगों के नाम, पते, फोटो और फिंगरप्रिंट हैं। इस डेटाबेस में 20.28 लाख लोगों की जानकारी है, जिसका इस्तेमाल पुलिस स्टेशन और कानून प्रवर्तन एजेंसियां इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (ICJS) के माध्यम से कर सकती हैं। महिला वकीलों के संगठन की वकील महालक्ष्मी पावनी ने कहा कि एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं के खिलाफ अपराध 2018 में प्रति लाख 58.8 से बढ़कर 2022 में 66.4 हो गए हैं, इसलिए और कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 23.66 लाख मामले ट्रायल के लिए पेंडिंग थे, जिनमें से केवल 1.5 लाख का फैसला हुआ और केवल 38,136 में सजा हुई। एसोसिएशन ने कहा कि क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (CCTNS), क्राइम मल्टी एजेंसी सेंटर (Cr-MAC), NDSO, इन्वेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सेक्सुअल ऑफेंडर्स (ITSSO), इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (ERSS) और इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (I4C) जैसी टेक्नोलॉजी से क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में ज्यादा सुधार नहीं हो रहा है।

## OSHO कहिन

"जो व्यक्ति खुद के साथ सहज होता है, वही असल में स्वतंत्र होता है।"



## सैर सपाटा

# भारत के 5 ऐसे खूबसूरत शहर, जहां पहुंचकर टूरिस्ट को आती है विदेशों वाली फील



**घुमक्कड़ लोगों को घूमने का बस बहाना चाहिए होता है, जो उन्हें अगस्त महीने में मिलने वाला है। दरअसल, अगस्त में इस बार एक लंबा वीकेंड पड़ रहा है। जिसमें घूमने के शौकीन लोग एक मिनी ट्रिप प्लान कर सकते हैं। बता दें, इस बार 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस, शुक्रवार को पड़ रहा है। जिसके बाद ज्यादातर लोगों की 16 और 17 तारीख की शनिवार-रविवार की छुट्टी रखेगी यानी आपके पास लॉन्ग वीकेंड है। इस मौके पर अगर आप दिल्ली से कुछ ही घंटे की दूरी पर घूमने के लिए बेस्ट जगहें ढूंढ रहे हैं तो हर बार की तरह किसी एक ही हिल स्टेशन का प्लान ना बनाएं। भारत में कई ऐसे खूबसूरत ट्रैवल प्लेस हैं, जहां पहुंचकर यात्रियों को विदेशों जैसी फील आता है। ब्रिटिश काल के बसाए गए इन शहरों में आज भी प्राकृतिक सुंदरता के बीच यूरोपीय वास्तुकला की मिसालें पेश करती इमारतें मौजूद हैं, जो यहां आने वाले पर्यटकों को यूरोप जैसा अनुभव देती हैं। तो अगर किसी वजह से आप अपना विदेश जाने का सपना पूरा नहीं कर पा रहे हैं तो इन शहरों की खूबसूरती आपको इस बात का मलाल नहीं रहने देगी।**

## यूरोप जैसा फील देते हैं भारत के ये 5 खूबसूरत ट्रैवल प्लेस

### पुडुचेरी

पुडुचेरी को भारत की फ्रेंच रिवेरा के नाम से भी जाना जाता है। यहां आने वाले पर्यटकों को हर गली, हर इमारत में फ्रांसीसी संस्कृति और कला की झलक देखने को मिलेगी। यहां की रंगीन दीवारें, शांत समुद्रतट, यूरोपीय शैली की गलियां और फ्रांसीसी फूड का टेस्ट किसी विदेशी शहर का अनुभव कराएगा। चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पुडुचेरी की दूरी लगभग 135 किलोमीटर है।

### कश्मीर

कश्मीर, जिसे लोग धरती का स्वर्ग कहते हैं, अपनी बर्फीली चोटियों, हरी-भरी घाटियों और डल झील की वजह से यहां आने वाले यात्रियों को स्विट्जरलैंड की तरह लगता है।

### कोलकाता

कोलकाता की कुछ जगहें, जैसे पार्क स्ट्रीट और विक्टोरिया मेमोरियल, अपनी ब्रिटिश वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत की वजह से यहां आने वाले पर्यटकों को लंदन का फील करवा सकते हैं। यहां का मेट्रो और पुरानी सड़कें भी यूरोपीय शहरों जैसी हैं।

### मनाली और कसोल

हिमाचल प्रदेश का मनाली और कसोल अपनी हरी-भरी पहाड़ियों, ठंडी हवा और लकड़ी के कॉटेज की वजह से यूरोप के आल्प्स जैसा फील देते हैं। यहां के पहाड़ों और रोहतांग पास की खूबसूरती देखते ही बनती है।

### शिमला

अंग्रेजों के शासन काल के दौरान शिमला भारत की ग्रीष्मकालीन राजधानी थी। दिल्ली की गर्मी से बचने के लिए अंग्रेजों ने यह खूबसूरत शहर बसाया था। शिमला के माल रोड में पहुंचकर आपको ऐसा लगेगा जैसे आप यूरोप के किसी शहर में घूम रहे हैं। यूरोपीय वास्तुकला की कई सदियों पुराने इमारतें शिमला शहर और उसके आस-पास के कस्बों में देखी जा सकती हैं। यहां 1888 में ब्रिटिश वायसराय लॉर्ड डफरिन के काल में बनकर तैयार हुआ वायसराय लॉज, आज इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी के रूप में जाना जाता है और यूरोपीय वास्तुकला की एक खूबसूरत मिसाल है।

## Bihar

# खाते में सात करोड़, घर में 1500 सिम कार्ड, कई लैपटॉप; सत्तारूढ़ जदयू के नेता को EOU ने दबोचा

**पटना, (एजेंसी)** आर्थिक अपराध इकाई पटना की टीम ने सुपौल जिले के करजाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत परमानंदपुर पंचायत स्थित गोसपुर गांव में बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने गांव के युवक हर्षित मिश्र को गिरफ्तार किया है। वह किसान परिवार से है। वह बीते कुछ वर्षों से खुद को शेयर बाजार का सफल कारोबारी बताता था। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई करोड़ों की ठगी और साइबर अपराध से जुड़ा है। हालांकि, इसको लेकर अधिकारी खुल कर कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं।

8 स्कॉर्पियो से करीब 25 से 30 की संख्या में आई अधिकारियों की टीम ने शनिवार को दोपहर 2 बजे



छापेमारी शुरू की। करीब 19 घंटे तक चली कार्रवाई में हर्षित के घर से दर्जनों सिम लगाने वाला गैजेट, सैकड़ों सिम कार्ड, दर्जनों मोबाइल, लैपटॉप, बायोमेट्रिक डिवाइस, नोट गिनने की मशीन समेत कई सामान जब्त किए गए। वही पूछताछ में हर्षित के पास से वह मोबाइल और लैपटॉप भी मिला, जो उस बैंक खाते से जुड़ा था, जिसमें 7 करोड़ रुपये जमा थे। यह खाता पहले ही साइबर पुलिस ने फ्रीज कर दिया था। इसी आधार पर टीम ने कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में ईओयू पटना की टीम के करीब तीन दर्जन सदस्य, सुपौल एसपी और साइबर थाना के अधिकारी शामिल थे। कार्रवाई के दौरान ईओयू और स्थानीय पुलिस ने मीडिया से कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। पूछताछ और कागजी प्रक्रिया के बाद हर्षित को पटना ले जाया गया।

## Odisha

# छात्रा से रेप के आरोप में कांग्रेस छात्र संगठन के अध्यक्ष गिरफ्तार

**समर्थकों ने थाने के बाहर किया प्रदर्शन**



**भुवनेश्वर, (एजेंसी)** मंचेश्वर पुलिस ने ओडिशा में कांग्रेस पार्टी के छात्र संगठन के अध्यक्ष उदित प्रधान को 19 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्रा के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया है.उदित की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों (जिनमें उनके परिवार के सदस्य और छात्रा कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल थे) ने मंचेश्वर पुलिस थाने के बाहर जमा हो गए. हालांकि, पुलिस ने किसी को भी थाने के अंदर नहीं आने दिया.

पुलिस ने बताया कि उदित को रविवार देर रात को उनके आवास से गिरफ्तार किया गया था और उन्हें आज अदालत में पेश किया जाएगा. आरोप है कि उदित ने पीड़िता के सॉफ्ट ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पीला दिया था, जिससे वह बेहोश हो गई. इसके बाद आरोपी ने पीड़िता से दुष्कर्म किया. पीड़िता की शिकायत के अनुसार, ये घटना 18 मार्च 2025 को हुई. पीड़िता अपने दो दोस्तों के साथ मास्टर कैंटीन में उदित प्रधान से मिली थी. इसके बाद ये सभी लोग उदित के वाहन में नयापल्ली के एक होटल पहुंचे, जहां अन्य लोग शराब पी रहे थे. हालांकि, पीड़िता ने शराब पीने से इनकार कर दिया और उदित ने उसे एक सॉफ्ट ड्रिंक ऑफर किया, जिसमें कथित तौर पर नशीला पदार्थ मिला हुआ था. शिकायत में कहा गया है कि ड्रिंक पीने के बाद पीड़िता को चक्कर आने लगे और उसने घर जाने की इच्छा जताई.

## Uttarakhand

# उत्तराखंड में घास काट रही महिला पर गुलदार का हमला, गंभीर रूप से घायल, गांव में दहशत

**उत्तरकाशी, (एजेंसी)** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के पुरोला क्षेत्र में रविवार सुबह एक दर्दनाक घटना हुई, जब जंगल में घास काट रही 38 वर्षीय महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया. यह घटना पुजेली गांव की रहने वाली उर्मिला देवी नौटियाल के साथ उस वक्त घटी जब वह सुबह के समय अकेली जंगल में घास काट रही थीं. बताया जा रहा है कि उर्मिला देवी जैसे ही झाड़ियों के पास पहुंचीं, पहले से घात लगाकर बैठे गुलदार ने उन पर अचानक झपट्टा मार दिया. हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं. उनकी चीख-पुकार सुनकर पास के सेब बागानों में काम कर रहे मजदूर और गांव के अन्य लोग दौड़े और उन्होंने साहस दिखाते हुए उर्मिला को गुलदार के चंगुल से छुड़ाया. गुलदार मौके से भाग निकला, लेकिन तब तक महिला के चेहरे और शरीर पर गहरी चोटें आ चुकी थीं. स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत पुरोला के उप-जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें देहरादून रेफर कर दिया गया.

## Chhattisgarh

# बीजापुर में दिखी नक्सलियों की कायराना हरकत, दो ग्रामीणों की बेरहमी से की हत्या

**बीजापुर, (एजेंसी)** जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र में नक्सलियों की एक बार फिर कायराना करतूत सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम छुटवाई निवासी कवासी जोगा उम्र करीब 55 वर्ष और बड़ा तर्रेम निवासी मंगलू कुरसम उम्र करीब 50 वर्ष की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है।

यह दर्दनाक घटना 20 और 21 जुलाई की दरम्यानी रात की बताई जा रही है। 4-5 अज्ञात नक्सलियों ने धारदार हथियारों से लैस होकर दोनों ग्रामीणों की बेरहमी से हत्या कर दी। थाना तर्रेम द्वारा घटना की जांच कर रही है। विस्तृत जानकारी मिलने पर आगे की जानकारी दिए जाने की बात कही गई है।



## खेल

# 2031 तक इंग्लैंड करेगा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की मेजबानी, आईसीसी ने लिया बड़ा फैसला




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2031 तक के फाइनल की मेजबानी इंग्लैंड को सौंपी है। आईसीसी ने रविवार को बताया कि अगले तीनों संस्करणों की मेजबानी इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के पास ही रहेगी।


**पिछले तीन फाइनल भी इंग्लैंड में ही खेले गए-** आईसीसी ने यह फैसला इंग्लैंड के ट्रैक रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए लिया है। दरअसल, पिछले तीनों संस्करणों की मेजबानी भी इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ही की है। डब्ल्यूटीसी का पहला फाइनल मुकाबला 2021 में खेला गया था। साउथेम्प्टन में खेले गए खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड ने भारत को आठ विकेट से हराया था। इसके बाद 2021-23 सत्र का डब्ल्यूटीसी फाइनल मुकाबला द ओवल में खेला गया, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने जीता। वहीं, 2023-25 सत्र का डब्ल्यूटीसी फाइनल मैच लॉर्ड्स में खेला गया था। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया था।

### आईसीसी ने क्या कहा?

आईसीसी की तरफ से जारी की गई विज्ञप्ति में कहा गया, 'बोर्ड ने हाल के फाइनल की मेजबानी में सफल ट्रैक रिकॉर्ड के बाद इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड को 2027, 2029 और 2031 संस्करणों के लिए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी के अधिकार देने की पुष्टि की है।' ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने कहा, 'हमें बेहद खुशी है कि इंग्लैंड एवं वेल्स को अगले तीन आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी के लिए चुना गया है। इन फाइनल्स की मेजबानी करना सम्मान की बात है और हम पिछले चरणों की सफलता को आगे बढ़ाने के लिए आईसीसी के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।'

## सिनेमा

# नहीं रहे अमिताभ बच्चन की 'डॉन' फिल्म के डायरेक्टर चंद्र बरोट, 86 साल की उम्र में निधन



बॉलीवुड इंडस्ट्री के एक दुखद खबर सामने आई है. 1978 में अमिताभ बच्चन की आई फिल्म 'डॉन' के डायरेक्टर चंद्र बरोट का 86 की उम्र में निधन हो गया है. उनका निधन रविवार 20 जुलाई की सुबह हुआ है. वो काफी समय से बीमार थे और बढ़ती उम्र के कारण होने वाली परेशानियों से भी पीड़ित थे. चंद्र बरोट की मौत से हिंदी सिनेमा में दुख की लहर दौड़ पड़ी है. फिल्ममेकर फरहान अख्तर जिन्होंने उनकी फिल्म 'डॉन' को दोबारा साल 2006 में बनाया और अब उसे एक फ्रेंचाइजी के रूप में खड़ा किया, वो भी उनकी मौत से सदमे में हैं. फरहान ने इंस्टाग्राम पर चंद्र बरोट को याद करते हुए लिखा है, 'ये सुनकर काफी दुख हुआ कि ओरिजिनल डॉन के डायरेक्टर अब हमारे बीच नहीं रहे. मेरी उनके परिवार के लिए दिल से संवेदनाएं.' चंद्र बरोट 'डॉन' जैसी कल्ट-क्लासिक फिल्म देने के अलावा कई सारी बेहतरीन हिंदी फिल्मों में भी बतौर असिस्टेंट काम कर चुके थे. उन्होंने मनोज कुमार की फिल्म 'पूरब और पश्चिम' के अलावा 'यादगार', 'रोटी कपड़ा मकान' जैसी फिल्मों में भी असिस्ट किया था. चंद्र बरोट ने बंगाली फिल्मों में भी अपना हाथ आजमाया था. लेकिन डायरेक्टर का हमेशा अपने करियर के लिए कहना रहा है कि उन्हें पब्लिक सिर्फ और सिर्फ अमिताभ बच्चन की 'डॉन' फिल्म के लिए याद रखेगी.

## Highlights

1. **Four-lane construction triggers crisis in Himachal's Kangra**
2. **5 members of young family die by suicide in Gujarat**
3. **Wipro asked to pay ₹2 lakh to ex-employee over termination letter**
4. **Nation comes first: Shashi Tharoor amid rift with Congress**
5. **Siddaramaiah skips taking DK Shivakumar's name at party event**
6. **Mumbai Police joins the 'aura farming' trend on social media**

# Jio Financial Services Limited and Allianz form 50:50 joint venture

**NEW DEIHI, (Agency).** Jio Financial Services Limited (JFSL) and Allianz Group (Allianz), through its wholly-owned subsidiary Allianz Europe BV, entered into a binding agreement to form a 50:50 domestic reinsurance joint venture to serve the dynamic and high-growth insurance market in India.

As per the official release, the reinsurance partnership will bring together JFSL's deep local expertise and robust digital footprint with Allianz's strong underwriting and global reinsurance capabilities

The JV will leverage Allianz's existing Allianz Re and Allianz Commercial portfolios and activities in India. It will also benefit from Allianz's global setup, including its pricing, risk selection and portfolio management expertise. Allianz Re has been reinsuring risk in India for over 25 years.

The reinsurance JV between JFSL and Allianz will help insurers manage risks more effectively by providing access to strong underwriting capabilities and competitive capacity, ultimately strengthening the resilience of the entire insurance ecosystem, the release added.




The JV will launch operations post receipt of statutory and regulatory approvals.

The two companies also entered into a non-binding agreement for setting up equally owned joint ventures for both general and life insurance businesses in India. The potential partnership for insurance will see two trusted financial services brands - JFSL and Allianz - coming together to deliver innovative and holistic protection solutions to the people of India.

JFSL's vision is to empower every Indian by digitally delivering simple, secure, seamless and smart financial solutions that address four core needs: to borrow, invest, transact and protect, the release further added.

Isha M Ambani, Non-executive Director, Jio Financial Services Limited, said, "India is witnessing a transformative surge in insurance demand, driven by rising prosperity, growing financial awareness, and rapid digital adoption. This partnership, combining Allianz's global reinsurance expertise with JFSL's deep understanding of the Indian market and strong digital infrastructure, aims to deliver innovative and customised reinsurance solutions to insurers.

# Windsurf's Varun Mohan slammed as a villain for 'abandoning' startup to join Google: 'Cashing out as team left behind'

**NEW DEIHI, (Agency).** Windsurf's Indian-origin CEO Varun Mohan is facing backlash for joining Google after a deal to sell the startup to OpenAI for $3 billion fell through. Windsurf CEO Varun Mohan and cofounder Douglas Chen were hired as part of the Google DeepMind team, leaving the rest of their company scrambling and facing an uncertain future.

In the wake of their departure, Windsurf's remaining leadership secured a last-minute deal with AI startup Cognition the following weekend — a move that new Windsurf CEO Jeff Wang called "crazy."

Varun Mohan has since come under intense criticism for 'abandoning' the startup. Venture capitalist Vinod Khosla emerged as one of his most prominent critics.



"Windsurf and others are really bad examples of founders leaving their teams behind and not even sharing the proceeds with their team," Khosla said in an X post. "I definitely would not work with their founders next time." Khosla was responding to a post featuring critical comments from Scott Wu, the CEO of Cognition. "There's an unspoken covenant that as a founder, you go down with the ship. For better or worse, it's changed a bit over the last year and I think it's disappointing, to be honest," Wu said.

Varun Mohan: A villain?

Vinod Khosla was not alone in slamming Varun Mohan for joining Google. On social media, many called him out for breaking an unspoken rule. "Varun Mohan is a generational villain at this point.. crazy saga. Also no word from him," wrote one X user. "Varun Mohan saw those 0's $ said 'F*** them employees'," another person wrote. "It's really wildly bad behavior. One of my biggest motivations to get to the finish line this year was making sure everyone on my team had a comfortable landing - particularly our iOS engineer who was about to have a child," said Alex Kehr, CEO of Superlocal which was recently acquired by Foursquare.

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवती की ट्रक की टक्कर से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
**इंदौर। इंदौर में हुए सड़क हादसे में एक साफ्टवेयर इंजीनियर युवती को अपनी जान गंवाना पड़ी। वह अपने दोस्तों के साथ पार्टी के लिए जा रही थी। तभी तिल्लौर के समीप एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोस्त भी घायल हुआ है।**

हादसे में मृत युवती का नाम आस्था पिता एस सिंह है। वह इंदौर में एक कंपनी में जॉब करती थी। शाम को जॉब खत्म होने के बाद वह अपने दोस्त के साथ बाइक पर जा रही थी। तभी यह हादसा हो गया। अंधेरे का फायदा उठाकर चालक ट्रक सहित फरार हो गया। लोगों ने दोनो घायलों को एमवाय अस्पताल पहुंचा, लेकिन उपचार के दौरान आस्था की मौत हो गई। बाइक चला रहा रतलाम निवासी जितेंद्र भी गंभीर रुप से घायल है. आस्था कानपुर के समीप अकबरपुर में रहने वाली है। उसके पिता किसान है। आस्था ने गुना के कॉलेज से इंजीनियरिंग की थी। इसके बाद आस्था की जॉब इंदौर में लग गई थी। चार माह पहले ही वह इंदौर आई थी और केसरबाग इलाके में रहने लगी थी। शनिवार रात को उसने दोस्तों के साथ ढाबे पर जाने का प्लान बनाया था। छह दोस्त अलग-अलग बाइक पर निकले थे। आस्था जितेंद्र की बाइक के पीछे बैठी थी। तभी पीछे



से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आस्था के परिजन भी कानपुर से इंदौर के लिए रवाना हो गए है। पुलिस ने केस दर्ज कर ट्रक व चालक की तलाश शुरू कर दी है। आस्था के दूसरे साथी आगे निकल गए थे। इस कारण वे भी ट्रक का नंबर नोट नहीं कर पाए।

## कार पलटने से युवक घायल

तेजाजी नगर इलाके में ही देर रात एक और हादसा हुआ, जिसमें कार क्रमांक MP09 ZM 0482 पलट गई। कार में सवार युवक घायल हो गए। बताया जा रहा है कि आगे की सीट पर बैठे दो युवकों को एयर बैग खुलने के कारण मामूली चोटें आईं। एक युवक को रात में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि अन्य युवक अपने घर लौट गए। पुलिस सभी की जानकारी जुटा रही है।

## कार अंधे मोड़ से गिरकर पलटी

लसूड़िया थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 136 में एक अंधे मोड़ पर कार दुर्घटना हो गई। कार क्रमांक MP13 ZL 1111 ब्रिलियंट चौराहे से स्कीम 136 चौराहे की ओर जा रही थी। चौराहे से लगभग 100 मीटर पहले एक अंधे मोड़ पर कार तेज रफ्तार में फुटपाथ तोड़ते हुए लगभग छह फीट गहरे प्लॉट में पलट गई। गनीमत रही कि चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# पत्नी को डराने में लग गई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
इंदौर। गांधी नगर के अरिहंत नगर में रहने वाले कल्पेश(40) पुत्र अशोक उपाध्याय ने भी अपने घर में फांसी लगा ली। रात में पत्नी रोशनी से उसकी कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह पत्नी को आत्महत्या करने की बात पर डराने के लिए कमरे में गया और कमरा बंद कर लिया। कुछ देर बाद पत्नी रोशनी ने उसे आवाज दी तो दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद खिड़की से झांकी तो पति फंदे पर लटका था। कल्पेश डिलेवरी बॉय का काम करता है। उसकी एक दो साल की बेटी है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# प्रेम विवाह करने वाली महिला ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
**इंदौर।** बाणगंगा में रहने वाली एक महिला ने सुसाइड कर लिया। उसने दूसरी शादी की थी। महिला के मायके पक्ष के लोगों ने पति पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को एमवाय भेजा है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक घटना भागीरथपुरा चौकी की है। कोमल(26) पति महेन्द्र ठाकुर निवासी भागीरथपुरा ने घर के कमरे में फांसी लगा ली। रात में कोमल का भाई साहिल भागीरथपुरा चौकी पर पहुंचा था और घटना की जानकारी दी। परिवार के लोगों ने बताया कि महेन्द्र का शनिवार रात कोमल की भाभी के पास फोन आया। उसने बताया कि कोमल की तबीयत खराब है। जब तक वह घर पहुंचे तो महेन्द्र उसे फंदे से उतार चुका था।

# बाइकें सुनसान और खंडहरनुमा इलाकों में छिपा देते थे

### ◆ चोरी की 34 बाइकें बरामद, 5 बदमाश गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
**इंदौर।** लसूडिया पुलिस ने बाइक चोरी की एक बड़ी वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से 34 चोरी की बाइकें बरामद की हैं। ये सभी बाइकें शहर के अलग-अलग इलाकों से चुराई गई थीं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे देवास के कंजर गिरोह से बाइक चोरी के तरीके




सीख चुके हैं और मास्टर चाबी या चाकू से लॉक तोड़कर वाहन चोरी करते थे।

टीआई तारेश सोनी की टीम ने इस मामले में अभिषेक पुत्र कमल मालवीय, कैलाश उर्फ गोलू मालवीय, राहुल पुत्र रतन सिंह चौहान, अनिल पुत्र मानसिंह पंवार और जितेंद्र उर्फ जेनपाल उर्फ अमर सिंह सेंधव, सभी निवासी देवास और सोनकच्छ को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे चोरी की गई बाइकें सुनसान और खंडहरनुमा इलाकों में छिपा देते थे। फिर इन्हीं बाइकों को फर्जी नंबर प्लेट लगाकर इस्तेमाल करते थे या जरूरतमंद लोगों को ऑर्डर पर उपलब्ध कराते थे। चुराई गई बाइकों को लेकर इंदौर और देवास में एफआईआर दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपियों से रिमांड पर पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस गैंग के और कितने सदस्य सक्रिय हैं और चोरी की गई बाइकों को कहां-कहां बेचा गया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक